# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## सोमवार, दिनांक 24 मार्च, 2025

## कुल संख्या-24

| | |
|---|---|
| कृषि मंत्री | 04 |
| उद्योग मंत्री | 02 |
| शिक्षा मंत्री | 06 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 02 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 02 |
| राजस्व मंत्री | 02 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 03 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### सलूम्बर विधान सभा में खाद्य की आपूर्ति

553. (7479/कृषि/अता.) श्रीमती शान्ता अमृतलाल मीणा (10)- क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि किसानों को समय पर रासायनिक उर्वरक के रूप में खाद उपलब्ध कराया जाना नियत है? यदि हां, तो रासायनिक खाद की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए विभाग की क्या योजना प्रस्तावित है? विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र सलूम्बर के सराडा, सेमारी, जयसमन्द, झल्लारा पंचायत समिति क्षेत्र में इस वर्ष कुल कितने खाद की मांग की गई एवं कितनी आपूर्ति, किस एजेंसी द्वारा की गई? विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

## खाजूवाला विधान सभा क्षेत्र में तारबंदी योजना के प्राप्त आवेदन

554. (8035/कृषि/अता.) डॉ. विश्वनाथ मेघवाल (155) - क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र खाजूवाला में तारबंदी योजना के तहत तारबंदी हेतु दिसम्बर, 2024 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने आवेदनों का निस्तारण किया गया व कितने लम्बित हैं?

(2) सरकार लम्बित आवेदनों का निस्तारण कब तक करने का विचार रखती है?

## जोधपुर में फसल खराबे का मुआवजा

555. (7799/आपदा प्रबंधन एवं सहायता/अता.) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) - क्या आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

जिला जोधपुर में विगत तीन वर्षों में ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को मुआवजे के रूप में कितना भुगतान किया गया? वर्षवार व पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## करणपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी

556. (3718/पंचायतीराज/अता.) श्री रूपिन्द्र सिंह कुन्नर (200) - क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र करणपुर के अन्तर्गत पंचायत समिति करणपुर एवं पदमपुर में विगत पांच वर्षों में कितने लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन किया है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त योजना में माह दिसम्बर, 2024 तक कितने पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया तथा कितने अपात्र घोषित हुये? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्तमान में कितने व्यक्ति उक्त योजना के लाभ से वंचित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## केकड़ी विधान सभा क्षेत्र में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना

557. (7816/उद्योग/अता.) श्री शत्रुघन गौतम (160) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र केकड़ी में नए उद्योग स्थापित करने हेतु नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र में उपलब्ध सरकारी भूमि पर नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना

558. (3084/युवा मामले एवं खेल/अता.) श्री राजेन्द्र भाम्बू (103) - क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा जिला झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय की स्वीकृति जारी की गई है? यदि हां, तो उक्त का निर्माण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## अनूपगढ़ विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब

559. (7168/शिक्षा/अता.) श्रीमती शिमला देवी (163) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र अनूपगढ़ के सरकारी विद्यालयों में कुल कितनी कम्प्यूटर लैब हैं? विद्यालयवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विद्यालयों में कम्प्यूटर विषय को पढ़ाने के लिए कितने नियमित शिक्षक पदस्थापित हैं? विद्यालयवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## स्कूल व्याख्याता से उप प्राचार्य पद पर पदोन्नति

560. (7710/शिक्षा/अता.) श्री मुकेश भाकर (118) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) स्कूल व्याख्याता से उप प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए वरिष्ठता का निर्धारण किस नियम के आधार पर किया जाता है? नियम की प्रति सहित विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

(2) 2010 से अब तक व्याख्याता से उच्च पदों (प्राचार्य/ उप प्राचार्य) पर पदोन्नति के लिए वरिष्ठता का निर्धारण किस आधार पर किया गया व कितने पदों पर पदोन्नति की गई? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

## मकराना विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में सहायक कर्मचारियों के रिक्त पद

561. (7754/शिक्षा/अता.) श्री जाकिर हुसैन गैसावत (62) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र मकराना के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कितने पद स्वीकृत व कितने पद रिक्त हैं? विद्यालयवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## माण्डल विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाएं

562. (8320/शिक्षा/अता.) श्री उदयलाल भडाणा (22) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि प्रदेश के विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल आदि सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना वांछित है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र माण्डल के कौन-कौनसे विद्यालयों में उक्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा कौन-कौनसे विद्यालय उक्त सुविधा से वंचित हैं? सरकार द्वारा वंचित विद्यालयों में उक्त सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला सीकर में ग्राम पंचायतों के भवन निर्माण

563. (8398/पंचायती राज/अता.) श्री सुरेश मोदी (183) - क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला सीकर में कितनी ग्राम पंचायतों के भवन बने हुए हैं तथा कितनी ग्राम पंचायतें भवन विहीन हैं? सरकार द्वारा उक्त ग्राम पंचायतों के भवन निर्माण की स्वीकृति कब तक जारी कर दी जायेगी?

(2) उक्त में से कितनी पंचायतों में स्वीकृति के बाद भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं होने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आमेर विधान सभा क्षेत्र के संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पद

564. (3505/संस्कृत शिक्षा/अता.) श्री प्रशान्त शर्मा (95) - क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र आमेर में संस्कृत विद्यालय कहां-कहां संचालित हैं? उक्त विद्यालयों में कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र के संस्कृत विद्यालयों को क्रमोन्नत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कपासन विधान सभा क्षेत्र में पालनहार योजना के लाभार्थी

565. (7094/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) श्री अर्जुन लाल जीनगर (13) - क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में पालनहार योजना संचालित है? यदि हां, तो योजना के नियमों की प्रति विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र कपासन में पालनहार योजना के लाभार्थियों का ब्लॉकवार व गांववार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में पालनहार योजना

में समय पर भुगतान किया जाता है? यदि नहीं, तो समय पर राशि नहीं मिलने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खेतड़ी विधान सभा क्षेत्र में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में आवासीय क्वार्टर

566. (8103/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) श्री धर्मपाल (83) - क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र खेतड़ी में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर निर्माण हेतु बजट जारी किया गया था? यदि हां, तो क्या उक्त निर्माण करवाया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त आवासीय विद्यालय में बालिकाओं की सुरक्षा के लिए हॉस्टल वार्डन की नियुक्ति की गई है? यदि हां, तो कब व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## निम्बाहेड़ा विधान सभा क्षेत्र में आवासीय छात्रावास

567. (5380/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री श्रीचन्द कृपलानी (168) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा में आवासीय विद्यालय तथा छात्रावास कहां-कहां संचालित हैं? उक्त विद्यालयों एवं छात्रावासों में बालक-बालिकाओं की संख्या कितनी है? छात्रावासवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त छात्रावासों में अधीक्षक एवं वार्डन के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा उक्त छात्रावासों में छात्र व छात्राओं को देय सुविधाओं पर प्रतिवर्ष कितनी राशि व्यय की जा रही है? विगत तीन वर्षों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## किशनगंज विधान सभा क्षेत्र में संचालित जनजाति छात्रावास

568. (8409/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री ललित मीना (142) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र किशनगंज के जनजाति छात्रावास में कितने बालक बालिकाएं अध्यनरत हैं? छात्रावासवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त जनजाति छात्रावासों को विगत तीन वर्षों में कब व कितना बजट दिया गया तथा उक्त बजट का उपयोग किस-किस कार्य में किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में तहसीलदार व पटवारी के रिक्त पद

569. (2118/राजस्व/अता.) श्री शान्ती धारीवाल (161) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

प्रदेश में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों के कितने पद वर्तमान में रिक्त हैं? सरकार द्वारा उक्त रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति दे दी जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भीनमाल विधान सभा क्षेत्र के नवीन राजस्व ग्राम

570. (6083/राजस्व/अता.) श्री समरजीत सिंह (174) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र भीनमाल में विगत पांच वर्षों में भीनमाल व बागोड़ा उपखण्ड की कितनी ढाणियों को राजस्व ग्राम बनाने के प्रस्ताव ज़िला अधिकारी कार्यालय को भेजे गये हैं? विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

(2) उक्त में से कितने राजस्व ग्राम बनाये गये तथा कितने को किन कारणों से वंचित रखा गया? विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

## सोजत विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लंबित आवेदन

571. (4529/सहकारिता/अता.) श्रीमती शोभा चौहान (165) - क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सोजत के अंतर्गत प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत कितने कृषकों के आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने स्वीकृत व कितने लम्बित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में माह जनवरी, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक कुल कितनी राशि का भुगतान कृषकों को किया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहकारी समितियों द्वारा किसानों को ऋण

572. (5911/सहकारिता/अता.) श्री शंकरलाल डेचा (158) - क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सहकारी समितियों में किसानों को दिया जाने वाला अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन ऋण सीधा डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तान्तरित नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार किसानों को दिया जाने वाला ऋण उनके खाते में सीधी डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## वल्लभनगर विधान सभा क्षेत्र के सहकारी समितियों के गोदाम

573. (7252/सहकारिता/अता.) श्री उदयलाल डांगी (21) - क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र वल्लभनगर में ग्राम सेवा सहकारी समितियां कहां-कहां स्वीकृत हैं? उक्त समितियों में से कितनी समितियों के गोदाम नहीं हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में गोदाम से वंचित समितियों के गोदाम निर्माण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## जिला भरतपुर में 400 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन की स्थापना

574. (2886/ऊर्जा/अता.) डॉ. सुभाष गर्ग (178) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या भरतपुर जिले में (अब डीग) 400 के. वी. ग्रिड सब स्टेशन की स्थापना किये जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त जी.एस.एस. के निर्माण का कार्य प्रारम्भ करवा दिया गया है? यदि हां, तो कब व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त जी.एस.एस. की स्थापना पर कुल कितना व्यय होने का अनुमान है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नसीराबाद विधान सभा क्षेत्र में लंबित कृषि कनेक्शन

575. (4692/ऊर्जा/अता.) श्री रामस्वरूप लाम्बा (136) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र नसीराबाद में वर्तमान में किस-किस उपखण्ड में कृषि विद्युत कनेक्शन के, कितने-कितने आवेदन, कब-कब से लंबित हैं? उपखण्डवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि आरक्षित श्रेणी के कृषि कनेक्शन आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है? यदि हां, तो वर्तमान में उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त श्रेणी के किस-किस उपखण्ड में, कितने-कितने कृषि कनेक्शन, कब-कब से लंबित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र नसीराबाद में डिमांड राशि जमा सामान्य श्रेणी के कृषि विद्युत कनेक्शन किस वर्ष तक के जारी किये जा चुके हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## धौलपुर विधान सभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति

576. (6962/ऊर्जा/अता.) श्रीमती शोभारानी कुशवाह (166)- क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या विधान सभा क्षेत्र धौलपुर में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि हेतु समुचित सिंचाई की व्यवस्था के लिए किसानों को 6 घण्टे प्रतिदिन विद्युत आपूर्ति की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को विद्युत आपूर्ति 6 घण्टा प्रतिदिन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक : 06 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**